देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 15 अंक: 54 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

विचार-प्रवाह...कोई स्पष्टता नहीं दिखती



देहरादून, शनिवार, 23 मई 2020

# पेज थ्री



मौसम अधिकतम 39.0° न्यूनतम 24.0°

30672.59

2 चीन के रक्षा बजट में बढ़ोत्तरी

7 कोहली ने शेयर की केन के साथ तस्वीर

## कर्नाटक कांग्रेस का तंज, चुनावी साल, इसलिए बंगाल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

बेंगलुरु। कर्नाटक कांग्रेस ने पीएम के इस दौरे को लेकर तंज कसा है। ट्वीट करते हुए कांग्रेस ने पीएम मोदी को डबल स्टैंडर्ड वाला बताया और आरोप लगाया कि बंगाल में चुनावी साल होने के नाते पीएम ने यहां का दौरा किया है। वहीं पीएम ने अपने इस दौरे के दौरान बंगाल को एक हजार करोड़ रुपये का राहत पैकेज देने का ऐलान किया। सोशल मीडिया पर शुक्रवार को कर्नाटक कांग्रेस ने पिछले साल कर्नाटक में आई विनाशकारी बाढ़ का हवाला देते हुए पीएम मोदी पर डबल स्टैंडर्ड रवैया अपनाने का आरोप लगाया। अपने ट्वीट में कांग्रेस पार्टी की प्रदेश इकाई ने कहा, पश्चिम बंगाल के तूफान प्रभावित इलाकों के साथ हम मजबूती से खड़े हैं। हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के डबल स्टैंडर्ड रवैये की निंदा करते हैं।

# बंगाल को हजार करोड़ की पहली मदद

## दो आपदाओं से लड़ रहा है बंगालः मोदी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

कोलकाता। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल में अम्फान तूफान से हुई तबाही का हवाई सर्वेक्षण कर जायजा लिया। उन्होंने केंद्र की तरफ से बंगाल को 1 हजार करोड़ रुपये मदद का ऐलान किया। उन्होंने उम्मीद जताई कि बंगाल फिर से उठ खड़ा होगा। पीएम मोदी ने कहा कि वह इस दुख की घड़ी में पश्चिम बंगाल के साथ हैं। पीएम ने कहा कि बंगाल कोरोना और अम्फान जैसी दो आपदाओं से एकसाथ लड़ रहा है।

**मृतकों के परिजनों को मुआवजा** पीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री राहत कोष से तूफान में मारे गए लोगों को 2 लाख रुपये के मुआवजा का ऐलान किया जबकि घायलों को 50 हजार रुपये की घोषणा की। पश्चिम बंगाल कोरोना और अम्फान दो समस्याओं से लड़ रहा है। कोरोना से लड़ने का मंत्र है जो जहां है वहीं रहे। लेकिन तूफान का मंत्र है कि जल्दी से जल्दी सुरक्षित स्थल पर शिफ्ट कर जाइए। दोनों अलग-अलग प्रकार की लड़ाई एकसाथ पश्चिम बंगाल को लड़नी पड़ी है। भारत सरकार को ममता को जो भी जरूरी मदद होगी वह देगी।

**80 लोगों की मौत का दुखः** साइक्लोन की संभावनाओं से लेकर लगातार में इससे सभी संबंधित लोगों के संपर्क में था। तूफान का कम से कम असर हो इसका हमने पूरी कोशिश की। लेकिन बावजूद इसके 80 लोगों की मौत हुई है।

**नुकसान के आकलन के लिए केंद्र भेजेगी टीमः** पीएम ने कहा कि केंद्र सरकार तूफान के कारण हुए नुकसान के डिटेल सर्वे के लिए एक टीम भेजेगी। लोगों के राहत और पुनर्वास के लिए पूरे प्रयास किए जाएंगे। हम सब चाहते हैं कि बंगाल इस मुसीबत से निकले।

## पीएम मोदी ने लिया अम्फान तूफान से नुकसान का जायजा



### राममोहन राय जयंती के मौके को पीएम ने यूं लपका

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, आज समग्र देश को जिनके लिए गौरव है, ऐसे राजा राममोहन राय जी की जन्मजयंती है। इस मौके पर मेरा पश्चिम बंगाल की इस पवित्र धरती पर होना मन को छूने वाली बात होती है लेकिन संकट की घड़ी से जूझ रहे हैं। मैं इतना ही कहूंगा कि राजा राममोहन राय जी हम सबको आशीर्वाद दें ताकि समयानुकूल समाज परिवर्तन के जो उनके सपने थे, उनको पूरा करने के लिए हम मिल बैठकरके, एक उज्ज्वल भविष्य के लिए, भावी पीढ़ी के निर्माण के लिए समाज सुधार के अपने कामों को निरंतर जारी रखेंगे।

## नुकसान 1 लाख करोड़, मिला 1000 करोड़ः ममता

कोलकाता। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने राहत पैकेज को अपर्याप्त बताते हुए कहा कि नुकसान एक लाख करोड़ का हुआ और पैकेज सिर्फ एक हजार करोड़ का दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री को विदा करने के बाद सीएम ममता बनर्जी ने कहा, प्रधानमंत्री ने 1000 करोड़ रुपये के आपात फंड को जारी करने की घोषणा की है मगर यह नहीं स्पष्ट किया कि यह अडवांस होगा या राहत पैकेज होगा। उन्होंने कहा कि वह इस पर बाद में फैसला करेंगे। हम अभी नुकसान का आकलन कर रहे हैं मगर अनुमान है कि चक्रवात में हमें 1 लाख करोड़ का नुकसान हुआ है। ममता ने कहा, मैंने पीएम को याद दिलाया कि सब्सिडी, सोशल स्कीम आदि के 53 हजार करोड़ रुपये तो सिर्फ पश्चिम बंगाल के ही केंद्र के ऊपर बकाया है।

## संक्षिप्त समाचार

### कांग्रेस नेता संजय झा को कोराना वायरस

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। कोरोना वायरस के देश में केस बढ़ते ही जा रहे हैं। अब कांग्रेस के सीनियर नेता संजय झा भी कोरोना वायरस की चपेट में आ गए हैं। संजय ने ट्वीट कर बताया कि फिलहाल वह घरपर ही क्वारंटाइन रहेंगे। संजय झा ने कोरोना वायरस के बारे में ट्वीट करते हुए बताया, मेरा कोविड 19 का टेस्ट पॉजिटिव आया है।

### डॉ हर्षवर्धन बने डब्ल्यूएचओ के एग्जीक्यूटिव बोर्ड के चेयरमैन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. हर्षवर्धन के 34 सदस्यीय एग्जीक्यूटिव बोर्ड के चेयरमैन का पदभार संभाल लिया है। उन्होंने जापान के डॉ. हिरोकी नकतानी की जगह ली है। गौरतलब है कि मौजूदा वक्त में विश्व स्वास्थ्य संगठन में भारत को महत्वपूर्ण पद मिलना कई मायनों में बेहतर है।

# ईएमआई चुकाने के लिए बढ़ी मोहलत

## आरबीआई ने तीसरी बार किए बड़े ऐलान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई नई दिल्ली। कोरोना की मार झेल रही इकॉनमी को बीते सप्ताह जहां केंद्र सरकार ने आत्मनिर्भर पैकेज दिया, वहीं आरबीआई ने शुक्रवार को तीसरी बार बड़े ऐलान किए हैं। लॉकडाउन के कारण इनकम लॉस को देखते हुए केंद्रीय बैंक ने ईएमआई चुकाने की मोहलत को बढ़ा दिया है। यानी पहले जहां इसपर 31 मई तक के लिए मोराटोरियम का ऑप्शन दिया गया था, उसे अब बढ़ाकर 31 अगस्त कर दिया गया है। इस ऐलान के बाद लोनधारक को कुल 6 महीने तक ईएमआई टालने का ऑप्शन मिल गया है।

**लोनधारकों के क्रेडिट स्कोर पर नहीं पड़ेगा असरः** ईएमआई मोराटोरियम का समय बढ़ाए जाने से कई लोगों को राहत मिलेगी। इसमें सेल्फ एम्प्लॉयड भी शामिल हैं। ऐसे लोगों को लॉकडाउन की वजह से खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वे अपने कार लोन, होम लोन आदि को सर्विस नहीं करवा पा रहे हैं। ईएमआई न चुकाने से बैंक सख्त कदम उठाते हैं जिससे क्रेडिट स्कोर पर भी असर पड़ता है। ऐसे में इस छूट का ऑप्शन चुनना उनको थोड़ा फायदा पहुंचा सकता है क्योंकि मोराटोरियम की वजह से ईएमआई टल जाने से क्रेडिट स्कोर पर असर नहीं पड़ेगा।

इस घोषणा का लाभ होम लोन लेने वालों, मोटर वाहन के लिए लोन लेने वालों को, पर्सनल लोन लेने वालों, मशीनरी के लिए लोन लेने वाले कारोबारियों आदि को मिलेगा।

### टली है ईएमआई माफ नहीं की गई

एक बात को समझ लेना जरूरी है कि आपकी ईएमआई को टालने का ऑप्शन दिया गया है। ऐसा नहीं है कि आपकी ईएमआई माफ हो गई है। इसका मतलब है कि किस्त की रकम को बाद में वसूला जाएगा और इसके ब्याज पर ब्याज भी लिया जाएगा। इन छह महीनों में जो ब्याज बनेगा उसे ग्राहक चाहें तो टर्म लोन में बदलवा सकते हैं।

## प्रवासी पैदल, केंद्र ने कहा- राज्यों के चलते समस्या

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। प्रवासी मजदूरों के पैदल ही सैकड़ों किलोमीटर दूर घर जाने को विपक्ष ने मुद्दा बनाया तो केंद्र सरकार को असहज होना पड़ा। लेकिन केंद्र सरकार का मानना है कि प्रवासी मजदूरों की समस्या कई राज्यों के असहयोग के कारण उत्पन्न हुई। अगर राज्य सरकारों ने केंद्र सरकार का साथ दिया होता तो प्रवासी मजदूरों को पैदल जाने के लिए मजबूर न होना पड़ता। उन्हें ट्रेन से उनके गृह राज्यों को भेजा जाता।

केंद्र सरकार के मंत्रियों का कहना है कि गैर भाजपा शासित राज्यों ने लॉकडाउन के बीच केंद्र सरकार का उस तरह से सहयोग नहीं किया, जैसा कि अपेक्षित है। रेल मंत्री पीयूष गोयल बीते गुरुवार को इस मुद्दे पर जोरदार तरीके से राज्यों पर हमला बोल चुके हैं। उन्होंने भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा से वीडियो कांफ्रेंसिंग के दौरान भी प्रवासी मजदूरों की समस्या का ठीकरा गैर भाजपा शासित राज्यों पर फोड़ा।

## पाकिस्तान में हुआ भयानक प्लेन हादसा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

■कई घर चपेट में आए, दुकानें, गाड़ियां भी ध्वस्त

कराची। पाकिस्तान इंटरनैशनल एयरलाइंस का एक एयरक्राफ्ट शुक्रवार को भयानक दुर्घटना का शिकार हो गया। लाहौर से कराची आ रहा यह प्लेन कराची एयरपोर्ट के पास एक रिहायशी इलाके में क्रैश हो गया। पाकिस्तान के जियो न्यूज के फुटेज में क्रैश की जगह से धुआं उठते हुए दिखाई दिया। अभी तक किसी के हताहत होने की आधिकारिक पुष्टि तो नहीं की गई है लेकिन पाकिस्तान नागर विमानन प्राधिकरण के सूत्रों के मुताबिक इस घटना में किसी के बचने की संभावना बेहद कम है। क्रैश के कारण का पता अभी नहीं चला है। हालांकि, स्थानीय रिपोर्टों में बताया जा रहा है कि प्लेन का लैंडिंग गियर ओपन नहीं हो पाया था।

पीआईए के प्रवक्ता अब्दुल सत्तार ने क्रैश की पुष्टि की है। बताया गया है कि लैंडिंग से एक मिनट पहले ही प्लेन दुर्घटना का शिकार हो गया। इसमें प्लेन के क्रू के अलावा कम से कम 98 यात्रियों के सवार होने की जानकारी है। रिपोर्ट्स के मुताबिक इस प्लेन की चपेट में मॉडल टाउन इलाके के कम से कम 4-5 मकान आए हैं। कई गाड़ियां भी इससे टकराने के बाद बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं। प्लेन में सवार लोगों के अलावा जमीन पर इसकी चपेट में आने से भी कई लोगों की मौत की आशंका है।

## ताइवान पर भारत का बड़ा दांव, क्या है इशारा?

### ताइवान की राष्ट्रपति के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए बीजेपी के दो सांसद

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। त्साई इंग-वेन ने दो दिन पहले ताइवान के राष्ट्रपति पद की दोबारा शपथ ली। सूत्रों के मुताबिक, इस शपथ ग्रहण कार्यक्रम में बीजेपी के दो सांसदों, मीनाक्षी लेखी और राहुल कस्वान ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए हिस्सा लिया और वेन को बधाई दी। लेखी और कस्वान समेत दुनियाभर के 41 देशों के कुल 42 गणमान्य हस्तियों ने इस कार्यक्रम में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए ही शिरकत की क्योंकि कोविड-19 के प्रकोप के कारण ताइवान में विदेशियों के आगमन पर पाबंदी लगी हुई है। ध्यान रहे कि चीन ताइवान को स्वतंत्र राष्ट्र का दर्जा नहीं देता है और उसे अपना ही एक हिस्सा बताता है। त्साई इंग-वेन के शपथ ग्रहण समारोह में लेखी और कस्वान के वर्चुअल प्रजेंस (आभासी उपस्थिति) के बाद सवाल यह उठ रहा है कि क्या मोदी सरकार ने ताइवान के प्रति अपनी नीति बदल दी है?

**Are you Planning to make a Website or already have ?**

*If yes, then we are here to serve you*

**What we do**

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in